पर्चा डिक्री

## न्यायालय सहायक कलक्टर फास्ट ट्रेक भादरा, जिला हनुमानगढ़

## पीठासीन अधिकारी : श्रीमती निधि उड़सरिया आएएस

**प्रकरण सं0 : 54/2026**

मोहित पुत्र कृष्ण जाति जाट़ निवासी आसन तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़।

:— वादी

**बनाम**

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार राजस्व भादरा। :— प्रतिवादी

आज यह वाद न्यायालय सहायक कलक्टर फास्ट ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादी श्री विजेन्द्र बैनीवाल व प्रतिवादी राजपैरोकार की उपस्थिति में निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मोजा अजीतपुरा के खाता सं0 235/596 के ख0स0 913 की 8.7000 है0 में वादी के नाम 1/24 हिस्सा तथा रोही मौजा अजीतपुरा के खाता सं0 237/592 के ख0सं0 962 की 10.4590 है0 में 1745/41836 हिस्सा वादी के नाम दर्ज है उक्त वादभूमि में वादी का नाम मोहितकुमार पुत्र कृष्ण जाति जाट़ निवासी आसन दर्ज है जबकि उक्त खाते की भूमि में वादी का सही नाम मोहित पुत्र कृष्ण जाति जाट़ निवासी आसन है। अतः रोही मोजा अजीतपुरा के खाता सं0 235/596 के ख0स0 913 की 8.7000 है0 में वादी के नाम 1/24 हिस्सा तथा रोही मौजा अजीतपुरा के खाता सं0 237/592 के ख0सं0 962 की 10.4590 है0 में वादी के नाम 1745/41836 हिस्से में वादी मोहितकुमार पुत्र कृष्ण की जगह वादी का सही नाम मोहित पुत्र कृष्ण जाति जाट़ निवासी आसन किए जाने की घोषणा की जाती है। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। किसी न्यायालय में कोई आपराधिक वाद या जांच मोहितकुमार पुत्र कृष्ण जाति जाट़ निवासी आसन के नाम से विचाराधीन हो या किसी सरकारी संस्था में मोहितकुमार पुत्र कृष्ण जाति जाट़ निवासी आसन के नाम से देय बकाया हो तो उसके लिए मोहितकुमार पुत्र कृष्ण जाति जाट़ निवासी आसन नाम ही प्रभावी माना जावेगा तथा नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और भविष्य में कोई अन्य तथ्य प्रकट होता हो तो वादी स्वयं जिम्मेदार होगा।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 18.05.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) भादरा (हनुमानगढ़)

Nidhi

निधि उडसरिया RAS
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) भादरा
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
भादरा जिला हनुमानगढ़